पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: aff@shekhauni.ac.in

प्रबंध बोर्ड की विशेष बैठक दिनांक 23.03.2026 का कार्यवाही विवरण

प्रबंध बोर्ड की विशेष बैठक दिनांक 23.03.2026 को विश्वविद्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल में दोपहर 12:15 बजे आयोजित हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे:–

1.	प्रोफेसर (डॉ.) अनिल कुमार राय	माननीय कुलगुरू	अध्यक्ष
2.	श्री विक्रम सिंह जाखल	माननीय विधायक, नवलगढ़	सदस्य
3.	प्रमुख शासन सचिव	उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान	सदस्य
4.	प्रमुख शासन सचिव	वित विभाग, राजस्थान	सदस्य
5.	प्रोफेसर अरविन्द कुमार अग्रवाल	माननीय राज्यपाल द्वारा नामित प्रतिनिधि	सदस्य
6.	डॉ. रश्मि जैन	माननीय राज्यपाल द्वारा नामित प्रतिनिधि	सदस्य
7.	प्रो (डॉ.) राजेन्द्र सिंह	राज्य सरकार द्वारा नामित प्रतिनिधि	सदस्य
8.	डॉ. आशा मिश्रा	राज्य सरकार द्वारा नामित प्रतिनिधि	सदस्य
9.	डॉ. अरविन्द पारीक	राज्य सरकार द्वारा नामित प्रतिनिधि	सदस्य
10.	डॉ. रिछपाल सिंह	राज्य सरकार द्वारा नामित प्रतिनिधि	सदस्य
11.	डॉ. मंजू लाड़ला	संकायाध्यक्ष, समाज विज्ञान संकाय	सदस्य
12.	डॉ. मनोज	संकायाध्यक्ष, शिक्षा संकाय	सदस्य
13.	श्रीमती श्वेता यादव	कुलसचिव	सदस्य सचिव

बैठक की विधिवत कार्यवाही आरम्भ होने से पूर्व कुलगुरू महोदय ने सभी आगन्तुक सदस्यों का स्वागत किया। बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु कुलसचिव को निर्देशित किया गया और प्रबंध बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत विशेष मद (Agenda) पर विचार विमर्श उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिया गयाः–

Item Agenda (मद) संख्या 1(क):– माननीय राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय में दिनांक 28.03.2026 को आयोजित होने वाले 6 वें दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के वर्ष 2025 के स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को उपाधि प्रदान किये जाने हेतु अनुग्रह (Grace) पारित करना, सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान करने तथा विश्वविद्यालय परिनियम के अध्याय 19 के बिन्दु संख्या 23 (3) के अन्तर्गत मानद उपाधि हेतु समिति द्वारा सुझाए गए नामों पर विचार व निर्णय हेतु विद्या परिषद की बैठक दिनांक 19.03.2026 के कार्यवृत के अनुमोदन का प्रस्ताव।

निर्णयः–विद्या परिषद की विशेष बैठक दिनांक 19.03.2026 के कार्यवृत्त का प्रबंध बोर्ड के समस्त सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया जिसमें वर्ष 2025 के कुल 90638 परीक्षार्थियों को स्नात्तक व स्नातकोत्तर कक्षाओं में उत्तीर्ण होने पर उपाधि प्रदान किये जाने का अनुग्रह (Grace) पास किया गया एवं वर्ष 2025 के कुल 39 विद्यार्थियों को स्वर्णपदक दिए जाने का अनुमोदन किया गया साथ ही 01 स्वर्णपदक निजी संस्थान द्वारा दिए जाने की भी सहमति प्रदान की गई तथा सक्षम स्तर से मानद उपाधि हेतु गठित समिति की अनुशंसा **(संलग्नक–1)** दिनांक 18.03.2026 में निम्नलिखित 3 (तीन) माननीयों को मानद उपाधि प्रदान करने हेतु की गई संस्तुति पर सर्वसम्मति से विचार कर उनको 6वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर **मानद उपाधि प्रदान** करने हेतु सक्षम स्तर से अनुमोदन हेतु भिजवाये जाने का निर्णय किया गया:–

(i) श्रीयुत् रामचन्द्र नीलकांत भोगले, छतरपति संभाजी नगर, महाराष्ट्र।

(ii) डॉ. धनपत राम अग्रवाल, सिलीगुडी, पश्चिम बंगाल।

(iii) श्रीयुत शैलेन्द्र नाथ, मुकुन्दगढ़, झुन्झुनू।

श्रीयुत् रामचन्द्र नीलकांत भोगले, छतरपति संभाजी नगर, महाराष्ट्र के नाम पर श्री विक्रम सिंह जाखल, माननीय विधायक, नवलगढ़ ने **मानद उपाधि प्रदान** नही करने हेतु आपत्ति दर्ज करवाते हुए, अपनी असहमति व्यक्त की।

Item Agenda (मद) संख्या 1(ख):– वित्त समिति की 17वीं बैठक दिनांक 16.06.2025 के कार्यवृत के अनुमोदन का प्रस्ताव।

निर्णयः– वित्त समिति की बैठक दिनांक 16.06.2025 के कार्यवृत **(संलग्नक–2)** को प्रबंध बोर्ड की आगामी बैठक में अनुमोदन हेतु रखे जाने कि अनुशंसा की गई।

Item Agenda (मद) संख्या 1(ग) :– स्नात्तक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक हेतु दिऐ जाने वाले दुपट्टे के कलर निर्धारण पर रिसर्च बोर्ड की बैठक दिनांक 28.11.2025 द्वारा संकायवार थीसिस के निर्धारित कलर पर चर्चा एवं निर्णयः–

निर्णयः– रिसर्च बोर्ड द्वारा संकायवार थीसिस के निर्धारित कलर **(कला एवं समाज विज्ञान संकाय– केसरिया रंग, विज्ञान संकाय– नीला रंग, विधि संकाय– बैंगनी रंग, वाणिज्य संकाय– पीला रंग एवं शिक्षा संकाय– हल्का हरा रंग)** के अनुसार ही स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों के दुपट्टे का कलर निर्धारण करने की अनुशंसा की जाती है।

बैठक में दीक्षांत समारोह की सम्पूर्ण विधिक औपचारिकताएं पूर्ण करने का निर्णय किया गया।

अंत में, सदस्य सचिव/कुलसचिव द्वारा सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

कुलसचिव